# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** 12वां विश्व सरकार शिखर सम्मेलन, 2025, कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans**
✗ 1. मस्कट, ओमान
✓ 2. दुबई, UAE
✗ 3. दिल्ली, भारत
✗ 4. रियाद, सऊदी अरब

**Q.2** भारत में ब्रिटिश वृक्षारोपण के संदर्भ में, 'बीघा (bigha)' शब्द का क्या अर्थ है?

**Ans**
✗ 1. रैयतों से किया गया एक समझौता
✗ 2. एक पौधा जिसने ब्रिटेन में नील का स्थान ले लिया
✓ 3. भूमि की माप की एक इकाई
✗ 4. वह संप्राप्ति संपदा जिसमें एक या अधिक गाँव हों

**Q.3** प्रीति सूदन के बाद, वर्ष 2025 में, संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans**
✗ 1. अनिल स्वरूप (Anil Swarup)
✓ 2. अजय कुमार (Ajay Kumar)
✗ 3. राजीव गौबा (Rajiv Gauba)
✗ 4. संजय मित्रा (Sanjay Mitra)

**Q.4** 1898 में निम्नलिखित में से किसने एक ऐसा अधिनियम पारित किया था, जिसके तहत ब्रिटिश शासकों के विरुद्ध लोगों को भड़काने के कृत्य को अपराध श्रेणी में शामिल किया गया?

**Ans**
✗ 1. लॉर्ड नॉर्थब्रुक
✗ 2. लॉर्ड एल्गिन
✗ 3. लॉर्ड मेयो
✓ 4. लॉर्ड कर्जन

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, CPU के दो मुख्य घटकों और उनके कार्यों को परिशुद्ध रूप से निरूपित करता है?

**Ans**
✗ 1. RAM और ROM – डेटा और निर्देशों को स्थायी रूप से संग्रहीत करते हैं
✗ 2. HDD और SSD – डेटा इनपुट और आउटपुट टास्क करते हैं
✓ 3. ALU और CU – गणना करते हैं और सभी कंप्यूटर संक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं
✗ 4. मॉनीटर और कीबोर्ड – डेटा प्रोसेसिंग की गति को नियंत्रित करते हैं

| | |
|---|---|
| Q.6 | **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, संसद और राज्य विधायिकाओं को भारत के संपूर्ण क्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है?** |
| Ans | ✔ 1. अनुच्छेद 245<br>✘ 2. अनुच्छेद 249<br>✘ 3. अनुच्छेद 250<br>✘ 4. अनुच्छेद 256 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **2025 में, साइबर ठगी से निपटने के लिए धन-शोधन निवारण अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ED) के साथ सूचना साझा करने के लिए किस एजेंसी को अधिकृत किया गया?** |
| Ans | ✔ 1. भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)<br>✘ 2. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)<br>✘ 3. राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP)<br>✘ 4. साइबर एवं सूचना सुरक्षा प्रभाग (CISD) |

| | |
|---|---|
| Q.8 | **निम्नलिखित में से किस भौगोलिक क्षेत्र के लिए नहर सिंचाई सबसे उपयुक्त है?** |
| Ans | ✘ 1. चट्टानी पठार<br>✘ 2. मरुस्थलीय क्षेत्र<br>✔ 3. नदी बेसिन और समतल भूमि<br>✘ 4. उच्च पर्वतीय क्षेत्र |

| | |
|---|---|
| Q.9 | **निम्नलिखित में से किस देश को 2025 में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मरीन एड्स टू नेविगेशन एंड लाइटहाउस अथॉरिटीज़ (IALA) के उपाध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया था?** |
| Ans | ✘ 1. जापान<br>✘ 2. फ्रांस<br>✔ 3. भारत<br>✘ 4. ऑस्ट्रेलिया |

| | |
|---|---|
| Q.10 | **भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (INCOIS) द्वारा 2025 में लॉन्च की गई पनडुब्बी केबल प्रोजेक्ट का उद्देश्य क्या है?** |
| Ans | ✘ 1. समुद्री पर्यटन को सपोर्ट करना<br>✘ 2. अंडरवाटर डिफेंस सिस्टम में सुधार करना<br>✘ 3. तटीय क्षेत्रों में इंटरनेट की स्पीड को बढ़ाना<br>✔ 4. हिंद महासागर में दीर्घकालिक अवलोकन को बढ़ावा देना |

| | |
|---|---|
| Q.11 | **भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई किस न्यायालय में कार्यरत थे?** |
| Ans | ✘ 1. मद्रास उच्च न्यायालय<br>✘ 2. दिल्ली उच्च न्यायालय<br>✘ 3. इलाहाबाद उच्च न्यायालय<br>✔ 4. बॉम्बे उच्च न्यायालय |

| | |
|---|---|
| Q.12 | **भारत में लोक अदालतों को निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत वैधानिक दर्जा प्राप्त है?** |
| Ans | ✘ 1. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908<br>✘ 2. मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996<br>✘ 3. भारतीय दंड संहिता, 1860<br>✔ 4. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 |

Q.13 2028 तक भारत के उपग्रह संचार (सैटकॉम) बाज़ार का प्रस्तावित मानांकन (Projected valuation) कितना है?

Ans
- ✔ 1. $20 बिलियन
- ✘ 2. $10 बिलियन
- ✘ 3. $5 बिलियन
- ✘ 4. $15 बिलियन

Q.14 निम्नलिखित में से किसने ब्रिटिश शिक्षा की अत्यधिक पश्चिमी होने तथा भारतीय वास्तविकताओं से अलग होने के कारण कड़ी आलोचना की?

Ans
- ✘ 1. राजा राममोहन राय
- ✘ 2. चार्ल्स वुड
- ✘ 3. मैकाले
- ✔ 4. रवीन्द्रनाथ टैगोर

Q.15 अशोक चंद्रा ने 16 जनवरी 2025 को ____________ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया।

Ans
- ✘ 1. केनरा बैंक
- ✘ 2. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
- ✘ 3. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
- ✔ 4. पंजाब नेशनल बैंक

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा विषय 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत हस्तांतरित विषयों का भाग नहीं था?

Ans
- ✘ 1. स्वास्थ्य
- ✘ 2. शिक्षा
- ✘ 3. स्थानीय स्वशासन
- ✔ 4. पुलिस

Q.17 भारत में विस्तृत भारतीय मरुस्थल (ग्रेट इंडियन डेजर्ट) का सबसे बड़ा क्षेत्र किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✘ 1. गुजरात
- ✔ 2. राजस्थान
- ✘ 3. पंजाब
- ✘ 4. हरियाणा

Q.18 हड़प्पा से प्राप्त प्रसिद्ध पुरुष धड़, जो अपनी प्राकृतिक मुद्रा और गोलाकार नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, ___________ का बना है।

Ans
- ✘ 1. टेराकोटा
- ✘ 2. स्टीऐटाइट
- ✘ 3. कांस्य
- ✔ 4. लाल चूना पत्थर

Q.19 2047 तक 'विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन (Nuclear Energy Mission for Viksit Bharat)' का लक्ष्य कितनी परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है?

Ans
- ✘ 1. 125 GW
- ✔ 2. 100 GW
- ✘ 3. 75 GW
- ✘ 4. 50 GW

Q.20 पेरिस समझौता किस वर्ष अपनाया गया था?

Ans
1. 2017
2. 2015
3. 2013
4. 2016

Q.21 जनवरी 2025 में, किस राज्य क्रिकेट संघ ने 1.25 लाख दर्शकों की क्षमता वाले भारत के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की योजना का अनावरण किया?

Ans
1. आंध्र क्रिकेट संघ
2. पंजाब क्रिकेट संघ
3. दिल्ली जिला क्रिकेट संघ
4. ओडिशा क्रिकेट लीग

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना हैरोड-डोमर मॉडल (Harrod-Domar Model) पर आधारित थी?

Ans
1. पाँचवीं
2. तीसरी
3. पहली
4. सातवीं

Q.23 भारत में सभी घरों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, को विश्वसनीय विद्युत् उपलब्ध कराने के लिए कौन-सा कार्यक्रम लॉन्च किया गया है?

Ans
1. शक्ति योजना (Shakti Scheme)
2. सौभाग्य योजना (Saubhagya Scheme)
3. उजाला योजना (UJALA Scheme)
4. गर्व डैशबोर्ड (GARV Dashboard)

Q.24 डाल्टन के परमाणु सिद्धांत का कौन-सी परिकल्पना निश्चित अनुपात के नियम की व्याख्या करती है?

Ans
1. एक ही तत्व के परमाणु द्रव्यमान और आकार में समान होते हैं।
2. परमाणु, सरल पूर्ण-संख्या अनुपात में संयोजित होकर यौगिक बनाते हैं।
3. परमाणु अविभाज्य और अविनाशी होते हैं।
4. विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के द्रव्यमान और गुणधर्म भिन्न-भिन्न होते हैं।

Q.25 यज्ञ वर्मन, शार्दुल वर्मन और अनंतवर्मन निम्नलिखित में से किस राज्य के राजा थे?

Ans
1. मगध गुप्त
2. थानेसर के पुष्यभूति
3. वल्लभी के मैत्रक
4. कन्नौज के मौखरि

Q.26 1991 के सुधारों के बाद रोजगार के अवसरों का क्या हुआ?

Ans
1. केवल कृषि क्षेत्र में वृद्धि हुई
2. अपरिवर्तित रहा
3. विशेष रूप से निजी और सेवा क्षेत्रों में वृद्धि हुई
4. सभी क्षेत्रों में कमी आई

Q.27 मई 2025 में लॉन्च किए गए इसरो के किस मिशन का उद्देश्य भारत की सभी मौसमों में दिन-रात, पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं (Earth observation capabilities) को बढ़ाना है?

Ans
1. EOS-09
2. INSAT-3DS
3. RISAT-1B
4. Cartosat-3

Q.28 FIFO शेड्यूलिंग में, कौन-सा प्रोसेस पहले निष्पादित होता है?

Ans
✗ 1. सबसे कम निष्पादन समय वाला प्रोसेस
✗ 2. सर्वोच्च प्राथमिकता वाला प्रोसेस
✓ 3. सबसे पहले आने वाला प्रोसेस
✗ 4. अंत में आने वाला प्रोसेस

Q.29 आवर्त सारणी में निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सामान्यतः एक आवर्त में (बाएं से दाएं) बढ़ता है?

Ans
✗ 1. धात्विक गुणधर्म
✗ 2. परमाणु त्रिज्या
✗ 3. अपचयन
✓ 4. आयनीकरण एन्थैल्पी

Q.30 pH 2 वाला विलयन, pH 4 वाले विलयन से कितने गुना अधिक अम्लीय है?

Ans
✗ 1. 10 गुना
✓ 2. 100 गुना
✗ 3. 200 गुना
✗ 4. 2 गुना

Q.31 भारत ने कब तक अपना रक्षा उत्पादन ₹3 लाख करोड़ प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है, जिससे वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होगी?

Ans
✓ 1. 2029
✗ 2. 2028
✗ 3. 2032
✗ 4. 2030

Q.32 लघु खगोलीय पिंडों के संघट्टन और संलगन से ग्रह निर्माण की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

Ans
✗ 1. विगैसन (Degassing)
✗ 2. विखंडन (Fragmentation)
✓ 3. अभिवृद्धि (accretion)
✗ 4. विभेदन (Differentiation)

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय नागरिकता खोने का एक तरीका है?

Ans
✓ 1. त्याग
✗ 2. पंजीकरण
✗ 3. जन्म
✗ 4. देशीयकरण (नागरिकीकरण)

Q.34 चतुर्थक गतिविधियां मुख्यतः किससे संबंधित होती हैं?

Ans
✓ 1. सूचना एवं अनुसंधान
✗ 2. औद्योगिक कार्य
✗ 3. परिवहन
✗ 4. कृषि

Q.35 हरित क्रांति प्रौद्योगिकी के प्रसार ने भारत को ________________ में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सक्षम बनाया।

Ans
✗ 1. सब्जियों
✗ 2. तिलहनों
✗ 3. गन्ने
✓ 4. खाद्यान्न

Q.36 दक्कन पठार का सामान्य ढाल किस तरफ है?

Ans
- ✗ 1. उत्तर से दक्षिण
- ✓ 2. पश्चिम से पूर्व
- ✗ 3. दक्षिण से उत्तर
- ✗ 4. पूर्व से पश्चिम

Q.37 संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार संसद किन परिस्थितियों में राज्य सूची के मामलों पर कानून (legislate) बना सकती है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 352 के अंतर्गत घोषित राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान।
- ✗ 2. यदि राज्यपाल, राज्य में वित्तीय आपातकाल के कारण इसका अनुरोध करता है।
- ✓ 3. जब राज्य सभा कोई प्रस्ताव पारित करती है।
- ✗ 4. यदि राष्ट्रपति, संसद की भागीदारी के बिना किसी उद्घोषणा पर हस्ताक्षर करता है।

Q.38 भारतीय इतिहास के किस काल में साँची और सारनाथ के स्तूपों का निर्माण किया गया, जो इसकी स्थापत्य शैली को दर्शाते हैं?

Ans
- ✗ 1. गुप्त शासन
- ✗ 2. वाकाटक शासन
- ✓ 3. मौर्य शासन
- ✗ 4. कुषाण शासन

Q.39 निम्नलिखित में से किस इंडो-ग्रीक (Indo-Greek) शासक का राजदूत हेलियोडोरस (Heliodorus), भगवान कृष्ण का भक्त था और उसने विदिशा में एक स्तंभ स्थापित किया था?

Ans
- ✗ 1. मेनांडर (Menander)
- ✓ 2. एन्टिआलकिडस (Antialkidas)
- ✗ 3. डायोडोटस (Diodotus)
- ✗ 4. डेमेट्रियस (Demetrius)

Q.40 निम्नलिखित में से किसने पुस्तक 'हार्ट लैंप (Heart Lamp')' को कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिसके लिए मई 2025 में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार दिया गया?

Ans
- ✗ 1. चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी
- ✗ 2. गीता सिंह
- ✓ 3. दीपा भस्थी
- ✗ 4. मनोरमा मिश्रा

## Section : **Mathematics**

Q.1 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 46% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 261% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 35%
- ✗ 2. 17%
- ✗ 3. 19%
- ✓ 4. 5%

Q.2 यदि एक समबहुभुज के सभी अंतः कोणों की मापों का योग 2520° है, तो बहुभुज का बहिष्कोण कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 90°
- ✗ 2. 37.5°
- ✗ 3. 42.5°
- ✓ 4. 22.5°

Q.3 प्रथम 159 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 159.5
2. 161
3. 160.5
4. 160

Q.4 ट्रेन A, स्टेशन M से 8:35 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:35 PM पर स्टेशन N पर पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 10:35 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:35 PM पर स्टेशन M पर पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12:10 PM
2. 11:50 AM
3. 12:50 PM
4. 12:40 PM

Q.5 प्रवीण और हेमंत एक व्यवसाय शुरू करते हैं। प्रवीण 5 महीने के लिए हेमंत से ₹78,000 अधिक निवेश करता है और हेमंत 6 महीने के लिए निवेश करता है। ₹5,440 के कुल लाभ में से प्रवीण का हिस्सा, हेमंत के हिस्से से ₹1,360 अधिक है। प्रवीण द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,56,000
2. ₹1,55,955
3. ₹1,56,185
4. ₹1,55,875

Q.6 निम्न को सरल कीजिए:

$$\frac{(\sin\theta - \cos\theta)(1 + \tan\theta + \cot\theta)}{1 + \sin\theta\cos\theta} + \frac{\sin\theta}{1 + \cos\theta} + \frac{1 + \cos\theta}{\sin\theta}$$

Ans
1. $\sin\theta\sec\theta$
2. $\sin\theta + \cos\theta$
3. $\operatorname{cosec}\theta + \sec\theta$
4. $\tan\theta + \sec\theta$

Q.7 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।
20, 16, 16, 19, 16, 12, 19, 10, 14, 18
दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16
2. 12
3. 19
4. 20

Q.8 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 18 और 216 है। यदि इनमें से एक संख्या 72 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25
2. 5
3. 10
4. 54

Q.9 ₹570 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 2 : 12 : 11 के अनुपात में बांटा गया है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से में कितना अंतर (₹ में) है?

Ans
1. 166
2. 228
3. 284
4. 293

Q.10 $\frac{4}{3}+\left(\frac{1}{1+\frac{2}{7}}\right)-\frac{2}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{16}{19}$
✗ 2. $\frac{5}{8}$
✓ 3. $\frac{13}{9}$
✗ 4. $\frac{4}{9}$

Q.11 यदि 6 अंकों की संख्या N36M77, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

Ans
✗ 1. M - N = 1
✓ 2. M - N = 3
✗ 3. M = N
✗ 4. M + N = -3

Q.12 सपना ने ₹22,800 की राशि को साधारण ब्याज पर आंशिक रूप से 5% वार्षिक और आंशिक रूप से 11% वार्षिक दर से निवेश किया। यदि उसे 4 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से समान ब्याज मिलता है, तो 5% वार्षिक की दर से निवेश की गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 15,677
✓ 2. 15,675
✗ 3. 15,676
✗ 4. 15,678

Q.13 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 245 है। यदि पहली संख्या दूसरी संख्या की पाँच गुनी है, तो दोनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 42
✗ 2. 51
✗ 3. 38
✗ 4. 40

Q.14 संख्या 393064111 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 14
✗ 3. 15
✓ 4. 11

Q.15 एक संख्या में 60% की वृद्धि करने पर 3610 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 6768.75
✓ 2. 2256.25
✗ 3. 1128.125
✗ 4. 4512.5

Q.16 एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 15 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 27 गुना हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 39 वर्ष
✗ 2. 55 वर्ष
✓ 3. 45 वर्ष
✗ 4. 36 वर्ष

Q.17 A किसी कार्य को 12 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 25 दिनों में कर सकता है। यदि वे 6 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans

✗ 1. $\frac{9}{50}$

✗ 2. $\frac{17}{50}$

✓ 3. $\frac{13}{50}$

✗ 4. $\frac{21}{50}$

Q.18 एक वस्तु 57% लाभ पर बेची जाती है। यदि क्रय मूल्य में ₹20 की वृद्धि कर दी जाए और विक्रय मूल्य में ₹18 की कमी कर दी जाए, तो लाभ 47.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans

✗ 1. 400

✓ 2. 500

✗ 3. 300

✗ 4. 200

Q.19 88 ट्यूब-लाइटें ₹88 में खरीदी गईं, और 46 ट्यूब-लाइटें परिवहन के दौरान टूट गईं। व्यापारी ने शेष ट्यूब-लाइटें ₹3.10 प्रति ट्यूब-लाइट की दर से बेच दीं। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. ₹47.10

✓ 2. ₹42.20

✗ 3. ₹48.20

✗ 4. ₹36.60

Q.20 विजय को उसकी बिक्री राशि में पहले वर्ष में 4% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि प्राप्त हुई; इसके साथ ही, उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,50,800 है, दो वर्ष पूर्व उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans

✗ 1. ₹1,45,000

✗ 2. ₹1,20,640

✗ 3. ₹96,000

✓ 4. ₹1,16,000

Q.21 '12 खरीदें, 8 मुफ़्त में पाएं', स्कीम के लिए प्रभावी छूट ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 40%

✗ 2. 10%

✗ 3. 20%

✗ 4. 21%

Q.22 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$2\left(\left(\frac{3}{2}\right)x^2 - 20x + 17\right) - 3(x^2 + 7x - 15)$$

Ans

✗ 1. 61x − 79

✓ 2. −61x + 79

✗ 3. 61x + 79

✗ 4. −61x − 79

Q.23 10 km/hr की चाल से चलने वाली एक बस एक यात्रा 16 घंटे में पूरी करती है। 8 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसे किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
- ✗ 1. 10 km/hr
- ✓ 2. 20 km/hr
- ✗ 3. 14 km/hr
- ✗ 4. 25 km/hr

Q.24 एक स्टोर ₹78,000 की कीमत वाले टेलीविज़न पर 14% की छूट दे रहा है। सेल के दौरान, पहले से छूट वाली कीमत पर 8% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। कुल छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 20.88%
- ✗ 2. 22.48%
- ✗ 3. 21.62%
- ✗ 4. 18.23%

Q.25 यदि एक पिता की आयु में उसके पुत्र की आयु का 4 गुना जोड़ा जाए, तो योग 46 वर्ष होता है। यदि पिता की आयु का 2.8 गुना, उसके पुत्र की आयु में जोड़ा जाए, तो योग 88 वर्ष होता है। पिता की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 30
- ✗ 2. 35
- ✗ 3. 28
- ✗ 4. 25

Q.26 यदि 8 और 16 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना है?

Ans
- ✗ 1. 31
- ✓ 2. 32
- ✗ 3. 34
- ✗ 4. 35

Q.27 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
(-9) - (-60) ÷ (-10) + (-3) × 9

Ans
- ✗ 1. -44
- ✗ 2. -45
- ✓ 3. -42
- ✗ 4. -41

Q.28 5 cm त्रिज्या वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ 1. 3140 $cm^2$
- ✗ 2. 628 $cm^2$
- ✗ 3. 31.4 $cm^2$
- ✓ 4. 314 $cm^2$

Q.29 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{3}{8}$ भाग को 30 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{4}{5}$ भाग को 16 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 4 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✓ 1. 32 घंटे
- ✗ 2. 35 घंटे
- ✗ 3. 40 घंटे
- ✗ 4. 21 घंटे

Q.30 दिया गया है कि $112^{0.57} = x$, $112^{0.8} = y$ और $x^z = y^6$ है, तो z का मान ________ के सन्निकट है।

Ans
✔ 1. 8.42
✗ 2. 10.14
✗ 3. 8.45
✗ 4. 9.12

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 9 होगा?

Ans
✗ 1. 41 C 13 B 3 A 35 D 5
✗ 2. 41 A 13 C 3 B 35 D 5
✗ 3. 41 B 13 C 3 D 35 A 5
✔ 4. 41 D 13 B 3 C 35 A 5

Q.2 संख्या 9823415 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 9
✔ 3. 10
✗ 4. 11

Q.3 यदि संख्या 4268953 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ 1. एक भी नहीं
✔ 2. दो
✗ 3. तीन
✗ 4. एक

Q.4 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ ऑर्किड, कैक्टस हैं।
कोई भी कैक्टस, मैरीगोल्ड नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी मैरीगोल्ड, कैक्टस नहीं है।
(II) कुछ कैक्टस, ऑर्किड हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✔ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.5 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 19 39 69 109 ?

Ans
✗ 1. 160
✗ 2. 150
✗ 3. 155
✔ 4. 159

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

**INQ23 JOR32 KPS41 LQT50 ?**

Ans
- ✗ 1. MRV58
- ✓ 2. MRU59
- ✗ 3. MRV59
- ✗ 4. MRU58

Q.7 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

**(बाएं) 9 # % 2 ^ @ 3 & 1 $ 5 Ω 7 % # 6 * £ 5 (दाएं)**

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ 1. 7
- ✓ 2. 1
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 3

Q.8 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
B के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। F के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और D के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। A को G के ठीक ऊपर रखा गया है। C को E के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है।
शीर्ष पर किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. C
- ✗ 2. A
- ✗ 3. G
- ✓ 4. E

Q.9 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

**JUNE - UJNE - EUJN**
**LAPS - ALPS - SALP**

Ans
- ✗ 1. BUGS - UBGS - SUGB
- ✗ 2. LOST - OLST - OSTL
- ✓ 3. FROG - RFOG - GRFO
- ✗ 4. MOVE - MVOE - EVOM

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. NSO
- ✗ 2. GLH
- ✗ 3. EJF
- ✓ 4. LQN

Q.11 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**162 ? 42 22 12 7**

Ans
- ✗ 1. 78
- ✓ 2. 82
- ✗ 3. 76
- ✗ 4. 74

Q.12 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

LOPE - LEPO - EPOL
QUIT - QTIU - TIUQ

Ans
✗ 1. SLOP - SLPO - LOPS
✓ 2. BANG - BGNA - GNAB
✗ 3. WAST - WSAT - TSAW
✗ 4. FILE - IFLE - EILF

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में, 'she has guts' को 'bs kr ni' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'packet has gone' को 'ud ni gy' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'has' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. ud
✓ 2. ni
✗ 3. bs
✗ 4. kr

Q.14 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 59 लोगों की एक पंक्ति में, बेला बाएं छोर से 20वें स्थान पर बैठी है। यदि अजीत, बेला के दाएं से 16वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के दाएं छोर से अजीत का स्थान कौन-सा है?

Ans
✗ 1. 22वां
✗ 2. 21वां
✓ 3. 24वां
✗ 4. 26वां

Q.15 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

11, 33, 55, 77, ?, 121

Ans
✗ 1. 111
✓ 2. 99
✗ 3. 109
✗ 4. 101

Q.16 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चय की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(26, 96, 22)
(46, 108, 8)

Ans
✗ 1. (1, 39, 19)
✗ 2. (30, 63, 2)
✓ 3. (24, 84, 18)
✗ 4. (7, 15, 1)

Q.17 सुनील बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 8 km की यात्रा करता है, बाएं मुड़ता है और 6 km की यात्रा करता है, और फिर दाएं मुड़ता है और 7 km की दूरी तय करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km की यात्रा करता है। वह बिंदु A से कितनी दूर (सबसे न्यूनतम दूरी) है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 10 km
✗ 2. 4 km
✓ 3. 15 km
✗ 4. 5 km

Q.18 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी ईंट, चम्मच हैं। कोई भी ईंट, खेल नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ खेल, चम्मच हैं।
निष्कर्ष (II): सभी चम्मच, खेल हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.19 रामू पश्चिम की ओर 60 km दौड़ा, फिर बाएं मुड़ा और 15 km दौड़ा। फिर वह बाएं मुड़ा और 40 km दौड़ा। अंततः रामू किस दिशा की ओर अभिमुख है? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
✗ 1. दक्षिण
✗ 2. उत्तर
✓ 3. पूर्व
✗ 4. पश्चिम

Q.20 H, I, J, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q, J के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q के बाईं ओर से गिनने पर Q और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
R के दाईं ओर से गिनने पर J और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✓ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.21 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HO-JQ-MP
KR-MT-PS

Ans
✓ 1. NU-PW-SV
✗ 2. NU-PW-RV
✗ 3. MU-OW-SV
✗ 4. MU-PW-RV

Q.22 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 − 2 × 48 + 6 ÷ 15 = ?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 22
✗ 3. 16
✓ 4. 29

Q.23 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'GETS' को '8106' और 'EGIS' को '0167' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 1
✗ 3. 0
✓ 4. 7

Q.24 कुणाल अपनी कक्षा में शीर्ष से 29वें स्थान पर तथा नीचे से 15वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 44
✗ 2. 41
✓ 3. 43
✗ 4. 40

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SET DQE OCP ZOA ?

Ans
✗ 1. KLA
✗ 2. LAK
✗ 3. LKA
✓ 4. KAL

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. SU-VX
✓ 2. KM-NO
✗ 3. CE-FH
✗ 4. AC-DF

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. WU−SQ
✓ 2. GE−BC
✗ 3. TR−PN
✗ 4. RP−NL

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A # B' का अर्थ है, कि 'A, B का भाई है',
'A % B' का अर्थ है, कि 'A, B की पुत्री है',
'A = B' का अर्थ है, कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ¥ B' का अर्थ है, कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'D = O # M ¥ E % S' है, तो D का S से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता के भाई की बहन
✗ 2. पिता के भाई का पुत्र
✓ 3. पति के भाई की पत्नी
✗ 4. पिता के भाई की पुत्री

Q.29 L, M, N, O, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q, N के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q के बाईं ओर से गिनती करने पर Q और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। N और M के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R के बाईं ओर से गिनती करने पर O और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. एक

Q.30 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)।

(बाएं) & 8 5 @ 1 £ 3 % 6 2 Ω # * 4 7 + $ 9 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवां होगा?

Ans
1. 1 ✔
2. 0 ✘
3. 2 ✘
4. 3 ✘